हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 दीक्षार्थी ब्रह्मचारी आदर्श भैया की बिनोली यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



07 नगर में धूमधाम से निकला विसर्जन चल समारोह, जीवंत झांकियों ने...



खबर संक्षेप

दुर्गानगर मंदिर में 24 को होगा नगर भंडारा

विदिशा। शहर के दुर्गा गर स्थित दुर्गा जी मंदिर में 24 अक्टूबर को नगर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारा दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। मंदिर के महंत रमेश्वरदयाल चतुर्वेदी ने बताया कि आयोजन में नगरवासियों के शामिल होने के लिए विशेष आग्रह किया गया है। उन्होंने समस्त नगरवासियों से भंडारे में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करने और आयोजन में सहभागिता करने की अपील की है। भंडारे को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु इस अवसर पर मां दुर्गा के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण कर सकेंगे।

मप्र लेखक संघ की जिला इकाई का पुनर्गठन हुआ

विदिशा। मप्र लेखक संघ जिला शाखा विदिशा की बैठक आज्ञाराम कॉलोनी में उपाध्यक्ष नंदकिशोर तिवारी के निवास पर हुई। इसमें जिला इकाई का पुनर्गठन करते हुए गोविंद देवलिया और विजय चतुर्वेदी को संरक्षक, नंदकिशोर तिवारी और शिवकुमार तिवारी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष डॉ. परमानंद मिश्रा ने हरगोविंद मैथिल को सचिव और संतोष नामदेव को कोषाध्यक्ष बनाया। बैठक में 7 आजीवन और एक वार्षिक सदस्य बनाकर सदस्यता अभियान को गति दी गई। वार्षिक शुल्क 200 आजीवन सदस्यता शुल्क 2 हजार है।

रावण दहन के साथ माता की प्रतिमाएं विसर्जित हुई

कुरवाई। दशहरा पर्व पर रावण दहन के बाद शारदीय नवरात्रि का समापन मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ हुआ। नौ दिनों तक नगर में भक्ति का माहौल रहा। इस दौरान आरती, भजन-कीर्तन, महाआरती, कन्या भोज और नगर भंडारे आयोजित किए गए। प्रतिमाओं को फूलों से सजाकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ बेतवा नदी पुल घाट ले जाया गया, जहां देर रात तक विसर्जन चलता रहा। नगर पालिका ने घाट पर रोशनी और हाइड्रा की व्यवस्था की। इस दौरान एसडीएम मोतीलाल अहिरवार सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

ग्यारसपुर में 30 फीट के रावण का दहन हुआ

ग्यारसपुर। ग्यारसपुर में दशहरा पर्व उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। तहसील मैदान में ऐतिहासिक रामलीला का मंचन हुआ, जिसमें राम दरबार, रावण दरबार और राम-रावण युद्ध की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रात करीब 11 बजे आकर्षक झांकियों के साथ भव्य चल समारोह निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में नगरवासी और ग्रामीण शामिल हुए। चल समारोह के बाद माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। आयोजन में हिंदू उत्सव समिति, पुलिस प्रशासन, वन विभाग, विद्युत विभाग और ग्राम पंचायत का सहयोग रहा।

मंगलवार रात मेडिकल कॉलेज की पीछे वाली सड़क पर हुआ हादसा

दो बुलेट आपस में टकराईं, एक की मौत दूसरा भोपाल रेफर, तीसरे का इलाज जारी

ग्यारसपुर में हाईवे पर भी हुए दो सड़क हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मेडिकल कॉलेज के पीछे बायपास रोड पर मंगलवार रात दो बुलेट बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में तीन युवक घायल हुए थे। इनमें शंकरनगर निवासी शिवांश अग्रवाल की भोपाल ले जाते समय मौत हो गई। वहीं सूरज रघुवंशी और विशाल सिलावट का इलाज जारी है। हादसे में शिवांश अग्रवाल और सूरज रघुवंशी गंभीर रूप से घायल हुए थे।

दोनों को भोपाल रेफर किया गया था। भोपाल पहुंचने से पहले ही शिवांश ने दम तोड़ दिया। सूरज का भोपाल में इलाज चल रहा है, जबकि तीसरे घायल विशाल सिलावट का भी इलाज जारी है। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बुलेट बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। शिवांश अग्रवाल शंकरनगर निवासी अमित अग्रवाल का छोटा बेटा था। उनका परिवार बेकरी का व्यवसाय करता है। शिवांश की मौत से परिवार और परिचितों में शोक है। कोतवाली पुलिस ने मामले में मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे की वजह का पता लगा रही है। वहीं ग्यारसपुर नेशनल हाईवे पर दो सड़क हादसे हुए। पहले हादसे में पिता पुत्र और बेटी गंभीर घायल हुआ है। वहीं दूसरे हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई।



विदिशा। लोगों ने दोनों बाइकों को सड़क किनारे किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

विदिशा से घर लौटते समय मणिपुर के पास हादसा

घायल युवक ने अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

ग्यारसपुर। नेशनल हाईवे-146 पर मणिपुर के पास मंगलवार रात अज्ञात भारी वाहन की टक्कर से दोपहिया वाहन सवार 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक विदिशा से अपने घर धामनोद लौट रहा था। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान वीरेंद्र यादव पुत्र हल्के राम यादव निवासी धामनोद के रूप में हुई है। वह मंगलवार रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच विदिशा से घर जा रहा था। इसी दौरान मणिपुर के पास अज्ञात भारी वाहन ने उसके दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर 1033 एंबुलेंस के ईएमटी मोहन अहिरवार और पायलट प्रमोद लोधी मौके पर पहुंचे। वे घायल को तत्काल ग्यारसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी सुदामा सिंह ठाकुर ने बताया कि हादसे में शामिल अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

चक्कपाटनी के पास कार ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र और बेटी घायल

हादसे के बाद एंबुलेंस से तीनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

नेशनल हाईवे-146 पर विदिशा ग्यारसपुर के बीच चक्कपाटनी गांव के पास बुधवार सुबह तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। घायलों में पिता, पुत्र और बेटी शामिल हैं। तीनों को 1033 एंबुलेंस की मदद से विदिशा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार, घायल ग्राम पंचायत चठोली के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरी के निवासी हैं। बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे पंकज कुशवाह (40) अपनी बेटी लक्ष्मी कुशवाह (17) और बेटे केशव कुशवाहा (14) के साथ मोटरसाइकिल से किसी काम के सिलसिले में विदिशा जा रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे-146 पर चक्कपाटनी के पास तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों सड़क हादसे का शिकार होकर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर 1033 एंबुलेंस के ईएमटी मोहन अहिरवार और पायलट प्रमोद लोधी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को प्राथमिक सहायता देते हुए तत्काल विदिशा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यहां तीनों का उपचार किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगा रही है।



लोहे के सरियों से भरा लोडिंग ऑटो पलटा, चालक की मौत

विदिशा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के करैयाखेड़ा रोड पर मंगलवार शाम हुए सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम बिलराई निवासी महेश अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार महेश अपने लोडिंग ऑटो में पीतलमील से करैयाखेड़ा रोड स्थित तमोरिया में स्वयं के निर्माणाधीन भवन के लिए लोहे के सरिए लेकर जा रहे थे। घर पहुंचने से पहले रास्ते में उनका ऑटो अचानक पलट गया। लोहे के सरियों की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

दीपावली पर कार्बाइड गन और लैम्प पर रोक के निर्देश जारी

विदिशा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर एवं एसपी-आईजी कॉन्फ्रेंस में कानून व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने दीपावली पर कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रतिबंध संबंधी निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने और बाजारों में निगरानी रखने को कहा। साथ ही लोगों, विशेषकर बच्चों और युवाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान, स्वामित्व योजना, नरवाई प्रबंधन, मौसमी बीमारियों की रोकथाम और विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जयंती और 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

13,488 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण, वितरण 42% बढ़ा

विदिशा। रबी फसलों की बुवाई के बीच जिले में किसानों को मांग के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृषि विभाग के अनुसार अब तक ई-टोकन प्रणाली से 19 हजार 895 मीट्रिक टन उर्वरक वितरित किया जा चुका है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 42 प्रतिशत अधिक है। इसमें यूरिया का वितरण 51 प्रतिशत और डीएपी का 62 प्रतिशत बढ़ा है। वर्तमान में जिले में कुल 13 हजार 488 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। अब तक 65 हजार 863 किसान टोकन से खाद ले चुके हैं।

सुरक्षा सैनिक भर्ती शिविर 23 से, 10वीं पास युवाओं को अवसर

विदिशा। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 23 से 31 अक्टूबर तक सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर भर्ती शिविर लगाए जाएंगे। सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड, नीमच द्वारा जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से शिविर आयोजित होंगे। भर्ती के लिए 10वीं पास, 19 से 40 वर्ष आयु और 168 सेंटीमीटर ऊंचाई वाले युवा पात्र होंगे। शिविर सुबह 11 से दोपहर 3:30 बजे तक लगेंगे। शिविर 23 को ग्यारसपुर, 26 को नटेरन, 27 को लटेरी, 28 को सिरोंज, 29 को कुरवाई, 30 को गंजबासौदा और 31 अक्टूबर को विदिशा में आयोजित होंगे।

विदिशा की 577 ग्राम पंचायतों में वित्तीय समावेशन अभियान शुरू

31 दिसंबर तक पात्र नागरिकों को बीमा और पेंशन योजनाओं से जोड़ने का लक्ष्य, मौके पर भरे फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का बुधवार को शुभारंभ हुआ। यह अभियान 21 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तक जिले की सभी 577 ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य पात्र नागरिकों को बीमा, पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना है।

शुभारंभ शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल की क्षेत्रीय निदेशक सुजाता लाल मुख्य अतिथि रहीं। एसबीआई भोपाल सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक प्रवास कुमार सुबुद्धी सहित विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में नागरिकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और जन-धन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों के बीमा और पेंशन संबंधी फॉर्म मौके पर भरवाए गए। साथ ही बैंकिंग संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया।

अधिकारियों ने साइबर धोखाधड़ी से बचने, री-केवाईसी कराने, बचत करने और बजट प्रबंधन के बारे में भी जागरूक किया। अग्रणी जिला प्रबंधक बीएस वघेल ने बताया कि सभी 577 ग्राम पंचायतों को समूहों में बांटकर पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। अभियान के जरिए ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर रहेगा।

नीमताल से माधवगंज तक निकाली वाहन रैली ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग, पुतला फूंका

'वोट चोरी' और लोकतंत्र की हत्या के लगाए आरोप, पुलिस ने पुतला छीनने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर नगर कांग्रेस ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। गांधी प्रतिमा नीमताल से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वाहन रैली निकाली, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए माधवगंज चौराहे पहुंची।

यहां कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश जताया। पुतला दहन के दौरान पुलिस ने अग्निशमन वाहन से पानी की बौछार कर कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस के पुतला छीनने से पहले ही कार्यकर्ताओं ने उसे आग के हवाले कर दिया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू और कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा ने दूसरा पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में प्रवीण बसिया, नीतू सिंह राजपूत, सुजीत देवालिया, राजीव पीतलिया, बृजेन्द्र वर्मा, संगीत चंद्रवलकर, राजकुमार पासी, संजय यादव, मनोज कुशवाह, डॉ. निशीथ मिश्रा, सुनील शर्मा, जावेद मंसूरी, अशोक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विदिशा। माधवगंज चौराहे पर प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी।

आयुक्त के बचाव में पूरी भाजपा सरकार खड़ी नजर आती है

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने चुनाव आयोग और केंद्र की भाजपा सरकार के कथित संबंधों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त के बचाव में पूरी भाजपा सरकार खड़ी नजर आती है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। यदि उसकी कार्यप्रणाली पर जनता के मन में संदेह पैदा होता है, तो यह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। वरिष्ठ नेता महेंद्र वर्मा ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पूरी होने तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

दयोदय गौशाला का 5-जे मॉडल, पर्यावरण संरक्षण और गौसंवर्धन की अनूठी पहल

विदिशा। उदयगिरि स्थित दयोदय गौशाला ने साइलेज निर्माण के जरिए पर्यावरण संरक्षण और गौसंवर्धन का अभिनव मॉडल विकसित किया है। गौशाला अध्यक्ष आकाश जैन के नेतृत्व में शुरू इस पहल के तहत दुग्धिया मक्के से पौष्टिक चारा तैयार किया जा रहा है। इससे किसानों को फसल का उचित मूल्य मिल रहा है और पराली जलाने की जरूरत कम हो रही है। फसल अवशेषों का सदुपयोग होने से मिट्टी की उर्वरता और नमी सुरक्षित रहती है। वहीं, गोवंश को सालभर पौष्टिक आहार मिलता है।

लोक सेवा और सीएम हेल्पलाइन का प्रशिक्षण शुरू

विदिशा। ई-दक्ष केंद्र में लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम, सीएम हेल्पलाइन और शिकायत निवारण में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। 21 और 22 अक्टूबर को आयोजित प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं देने, शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण और ऑनलाइन पोर्टल के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी जा रही है। प्रबंधक लोक सेवा एवं ई-दक्ष केंद्र अमित अग्रवाल और प्रशिक्षक चंद्रजीत रघुवंशी लाइव पोर्टल के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रहे हैं।

प्रेरणा मंच: गोष्ठी में रचनाओं से उभरे सामाजिक सरोकार

विदिशा। प्रेरणा मंच की गोष्ठी का आयोजन डॉ. रीता शर्मा के सौजन्य से किया गया। इसमें सदस्यों ने सामाजिक विषयों पर आधारित अपनी नवीन रचनाएं प्रस्तुत कीं। डॉ कमल चतुर्वेदी ने साहित्य को जीवन की घटनाओं का प्रतिबिंब बताया। प्रदीप जैन पारस, संतोष नामदेव, ज्योति जाधव, जागृति अवस्थी, कुसुम सिंह तोमर और डॉ रीता शर्मा ने कविताओं के माध्यम से सामाजिक संवेदनाओं को व्यक्त किया। नवनीता पांडे ने युवाओं और प्रवासी भारतीयों पर व्यंग्य प्रस्तुत किया, जबकि डॉ रेखा श्रीवास्तव ने गांधीजी को समर्पित रचना सुनाई। सदस्यों ने आगामी आयोजनों की रूपरेखा पर चर्चा की। श्रोताओं ने मंच के साहित्यिक प्रयासों की सराहना की।



दूसरे दिन भी निकलीं दर्जनों दुर्गा प्रतिमाएं...



विदिशा। दुर्गा उत्सव चल समारोह के दूसरे दिन भी शहर में दर्जनों दुर्गा प्रतिमाएं मुख्य मार्गों से निकलीं।

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में वीर जवानों का किया स्मरण

पुलिस स्मृति दिवस पर 154 शहीद पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि, परिजनों को शाल-श्रीफल से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। इसमें जनप्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों ने कर्तव्यपालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को नमन किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक शहीद हुए 154 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के नामों का वाचन किया। इनमें मध्यप्रदेश के 9 और अन्य राज्यों के 145 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

नामों के वाचन के बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस स्मृति परेड दल का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक नीरज सिंह सिकरवार ने किया। पुलिस डॉग स्क्वॉड ने भी शहीद जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस दौरान कर्तव्यपालन के दौरान पूर्व में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। शहीद स्मारक पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन ने पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, डीएफओ हेमंत यादव, एसडीएम मनीष जैन, एएसपी मोनिका तिवारी, सीएसपी अतुल कुमार सिंह, मौजूद रहे।



विदिशा। शहीदों के परिजनों का सम्मान करते हुए जनप्रतिनिधि।

इसलिए मनाया जाता है पुलिस स्मृति दिवस

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सशस्त्र टुकड़ी के हमले में 10 भारतीय पुलिस जवान शहीद हुए थे। उनकी स्मृति में हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिवस देश की सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा में पुलिसकर्मियों के त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की याद दिलाता है।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7151
सरसों
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-8760
चना
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7003
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6400
शरबती
न्यूनतम भाव-3455
उच्चतम भाव-5265
गेंहू
न्यूनतम भाव-2641
उच्चतम भाव-3301
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-2700
बटरी
न्यूनतम भाव-3005
उच्चतम भाव-3005
मूंग
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-7400
उड़द
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-7500
मक्का
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-2651
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव-3600
ज्वार
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-2800
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-4790

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 15124 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि स्वीकृत



गंजबासौदा। एसडीएम अनुभा जैन द्वारा भरण-पोषण सहायता से संबंधित प्रकरणों में उपलब्ध अभिलेखों एवं प्रकरण की परिस्थितियों का परीक्षण करने के उपरांत पात्र हितग्राहियों के पक्ष में भरण-पोषण सहायता राशि स्वीकृत करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिसमें विजय कुमार सेन एवं छोटेलाल सेन को दस हजार रुपए प्रतिमाह की भरण-पोषण सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि में दोनों हितग्राहियों को नियमानुसार पृथक-पृथक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उक्त संबंध में तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत सहायता राशि प्रत्येक माह संबंधित हितग्राहियों के बैंक खातों में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें तथा आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर अभिलेख संधारित करें।

दूसरे दिन भी चलता रहा बेतवा नदी पर मां दुर्गा की झांकियों का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





बुधवार को दूसरे दिन भी मां दुर्गा की झांकियों का विसर्जन दिन भर एवं देर रात्रि तक चलता रहा। झांकी उत्सव समितियों द्वारा नगर में चल समारोह के साथ झांकियों को विसर्जन के लिए ले जाया गया। इस दौरान डीजे पर चल रहे भजनों, ढोल नगाड़ों की थाप पर महिला, पुरुष श्रद्धालु नाचते हुए गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। इस दौरान झांकी संचालकों ने देवी प्रतिमाओं को आकर्षक विद्युत साज सज्जा के साथ मंच पर विराजमान किया था और दर्जनों महिला पुरूष श्रद्धालुओं के साथ देवी प्रतिमाओं को समारोह पूर्वक विसर्जन के लिए ले जाया गया। दूसरे दिन भी प्रशासन द्वारा बेतवा नदी के विभिन्न घाटों पर प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाओं सहित सुरक्षा प्रबंध किए और प्रशासनिक अमला दूसरे दिन भी पूरे समय तैनात रहा। रात्रि के समय नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव सहित नपा एवं पुलिस प्रशासनिक अमला बेतवा नदी के गंज घाट पर मौजूद रहा। झांकी विसर्जन के दौरान जयस्तंभ चौक सहित विभिन्न पाइंटों पर भी पुलिस कर्मी यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। उधर देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निकले चल समारोह के कारण सडकों पर काफी भीड़ भाड़ रही और इस कारण जगह जगह जाम की स्थिति निर्मित होती रही। ऐसे में यातायात पुलिस को नागरिकों के सहयोग से जाम खुलवाते हुए यातायात व्यवस्था बनाए रखने में काफी मशक्कत करना पड़ी। नगर के मुख्य मार्गों रेल्वे स्टेशन से जय स्तंभ चौक, बरेठ रोड, त्योंदा रोड, जवाहर रोड, सिरोंज चौराहा से बेतवा नदी के गंज घाट पर यातायात का भारी दबाव देखा गया। बड़ी प्रतिमाओं का हाइड्रा से नदी में तथा छोटी प्रतिमाओं का कुण्ड में विसर्जन किया गया। इस दौरान अमला मौजूद रहा।

महावीर विहार में आयोजित गोद भराई में छलकी श्रद्धा और वात्सल्य

दीक्षार्थी ब्रह्मचारी आदर्श भैया की बिनोली यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





कभी नगर की गलियों में मित्रों के साथ हँसते-बोलते, सुख-दुःख बाँटते और सांसारिक जीवन की जिम्मेदारियाँ निभाते नजर आने वाले ब्रह्मचारी आदर्श भैया अब संयम के पथ पर अग्रसर होकर जिनशासन की प्रभावना के लिए तैयार हैं। उनके जीवन के इस ऐतिहासिक और भावुक अवसर पर बुधवार को नगर में भव्य बिनोली यात्रा निकाली गई। जगह-जगह श्रद्धा, भक्ति, उल्लास और वात्सल्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। वहीं, उनके सांसारिक जीवन के मित्रों की आँखें भी उस समय नम हो गईं, जब उन्होंने अपने प्रिय मित्र को मोक्षमार्ग की ओर बढ़ते देखा। आगामी 25 अक्टूबर को पुणे में होने वाली जैन दीक्षा से पूर्व आयोजित इस भव्य बिनोली यात्रा का शुभारंभ दोपहर 1 बजे भगवान महावीर विहार मिल रोड से हुआ। दीक्षार्थी ब्रह्मचारी आदर्श भैया को आचार्य भगवन्त 108 विद्यासागर महाराज के मंगल आशीर्वाद, वर्तमान आचार्य 108 समयसागर महाराज के शुभाशीष तथा मुनि अजित सागर महाराज के करकमलों से दीक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य मिलने जा रहा है। ब्रह्मचारी आदर्श भैया का दीक्षा की ओर बढ़ता कदम नगर के लिए गौरव का विषय है। उनकी यह यात्रा समाज के युवाओं को त्याग, संयम, आत्मानुशासन और आध्यात्मिक जीवन की प्रेरणा देने वाली है। उक्त जानकारी प्रतीक जैन द्वारा दी गई।

सांसारिक जीवन के मित्रों की भी रही उपस्थिति

गंजबासौदा। इस बिनोली यात्रा का सबसे भावुक पक्ष ब्रह्मचारी आदर्श भैया के सांसारिक जीवन के मित्रों की उपस्थिति रही। उनके मित्र अख्तर कुरैशी, नपा नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, भाजपा नेता देवेंद्र रघुवंशी 'देबू, पंकज व्यास सहित अनेक मित्र शामिल हुए। जो आदर्श भैया कभी मित्रों के साथ बैठते-उठते, हँसी-मजाक करते और जीवन के सामान्य पलों को साझा करते थे, आज उन्हीं को संयम और आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ते देखकर मित्रों की आँखें नम हो गईं। एक तरफ मित्र के आध्यात्मिक उत्कर्ष की खुशी थी, तो दूसरी ओर सांसारिक जीवन की पुरानी स्मृतियों से जुड़ा भावुक क्षण। यह दृश्य लोगों के हृदय को छू गया।



नगर भ्रमण पर निकली बिनौली यात्रा

गंजबासौदा। बिनोली यात्रा में सबसे आगे कुंडलपुर के बड़े बाबा भगवान आदिनाथ की भव्य झांकी रही। इसके पश्चात आचार्य भगवन्त 108 विद्यासागर महाराज, आचार्य 108 समयसागर महाराज एवं दीक्षा प्रदाता मुनि अजितसागर महाराज के कटआउट विराजमान रहे। यात्रा में महिला मंडल एवं सकल जैन समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में अष्टप्रातिहार्य, हल्दी-मेहंदी की सामग्री और मंगल भावों के साथ सहभागिता की। भक्ति गीतों की धुन पर नाचती-गाती महिलाओं ने पूरे वातावरण को धर्ममय बना दिया। उनके पीछे पुरुष वर्ग एवं युवा वर्ग भजनों की मधुर धुन पर दीक्षार्थी भैया की अनुमोदना करते हुए चल रहे थे। इसके पश्चात सुसज्जित बग्गी में विराजमान ब्रह्मचारी आदर्श भैया की रथयात्रा निकली, जिसमें नगर के व्रतीगण भी शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली इस यात्रा में जगह-जगह श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति देखते ही बन रही थी। नगर भ्रमण के पश्चात बिनोली यात्रा पुनः भगवान महावीर विहार पहुँची, जहाँ दीक्षार्थी ब्रह्मचारी आदर्श भैया की गोद भराई का भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दीक्षार्थी ब्रह्मचारी आदर्श भैया की हुई गोदभराई

गंजबासौदा। सर्वप्रथम नगर के ब्रह्मचारी भाइयों एवं ब्रह्मचारिणी बहनों ने भैया की गोद भराई कर उनके संयम पथ पर अग्रसर होने की अनुमोदना की। इसके बाद सकल जैन समाज के सदस्यों ने गोद भराई कर अपने वात्सल्य, श्रद्धा और मंगलकामनाओं को अभिव्यक्त किया। अनुमोदना गीतों और भक्तिमय वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति भावविभोर नजर आया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि एक साधक के त्याग, वैराग्य और आत्मकल्याण के संकल्प के प्रति पूरे समाज के सम्मान और समर्पण का प्रतीक बना। कार्यक्रम का संचालन समाज के मंत्री सतीश जैन 'मंत्री' ने किया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के अध्यक्ष अशोक जैन, निर्मल जैन, टोनी बड़कुल, धर्मेंद्र जैन, महेश जैन, संतोष जैन, गौरव जैन, पारस जैन, अजीत जैन एवं हलकचंद जैन सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से मीना जैन, सरिता जैन, दीपा जैन, रेशु जैन, हर्षिता जैन, सुरेखा जैन, भारती जैन, सेजल जैन, पूनम जैन सहित अनेक महिलाओं ने आयोजन की व्यवस्थाएं संभालीं।

शराब के नशे में डंडे से पीटकर हत्या करने वाला आरोपी पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में घरेलू विवाद के चलते एक पति द्वारा अपनी पत्नी की हत्या करने का मामला सामने आया है। त्योंदा मार्ग पर खाना बनाने की बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने गुस्से में आकर डंडे से पत्नी के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 44 वर्षीय ममता बाई अपने पति राय सिंह नाथ के साथ त्योंदा मार्ग पर सड़क किनारे अस्थाई टपरा बनाकर रहती थीं। दंपति मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। रविवार की रात्रि लगभग 11 बजे राय सिंह नाथ शराब के नशे में घर पहुंचा। इसी दौरान खाना बनाने की बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और गुस्से में आए राय सिंह ने पास में रखा डंडा उठाकर ममता बाई के सिर पर वार कर दिया। चोट लगने से ममता बाई की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि मामले में आरोपित पति राय सिंह नाथ को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। ममता बाई की हत्या से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दंपति के दो बेटे, जिनकी उम्र 12 और 15 वर्ष है तथा 18 वर्षीय एक बेटी है। मां की मौत से तीनों बच्चे बेसहारा हो गए हैं। घरेलू विवाद में हुई इस दर्दनाक घटना ने एक परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

केसर गिर बजरंग अखाड़ा में हुआ शस्त्र पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दशहरा के पावन अवसर पर सावरकर चौक स्थित मनकामेश्वर मंदिर केसरगिर बजरंग अखाड़ा पर शस्त्र पूजन का कार्यक्रम एवं अखाड़े का पुनः शुभारंभ कर ध्वजारोहण किया गया। अखाड़े का मुख्य रूप से उद्देश्य है कि युवा नशे से दूर रहें एवं देश का सशक्तिकरण के लिए बच्चे अच्छे बनें। यह नगर का प्राचीन अखाड़ा है। इस अवसर पर विशेष रूप से मंदिर के पुजारी उमेश गिरी,संजीव सोनी, रमेश सोनी, शानू गोस्वामी, जीत कुशवाह, आशीष गोस्वामी, प्रियंका वैष्णव, शीतल गोस्वामी, शैजल गोस्वामी सहित अखाड़े के सदस्यों ने पूजन में शामिल होकर धर्म लाभ लिया।

आजाद हिंद फौज की स्थापना की 83वीं वर्षगांठ मनाई

गंजबासौदा। शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में बुधवार को आजाद हिंद फौज की स्थापना की 83वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर स्वर्गीय सुभाष चंद्र बोस जिन्होंने आज के दिन सिंगापुर में आजाद हिंद फौज की स्थापना की उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सदी का महानायक बतलाया। इस अवसर पर शहर वाचनालय पाठक संघ के प्रभारी कुलदीप राजपूत में भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदीप अरोरा, उत्तम सोनी, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी, बलराम सिंह दांगी, संता महाराज ने भी अपने विचार व्यक्त किये। वहीं दूसरी ओर वाचनालय पाठक संघ के लोगों ने आज का दिन पुलिस स्मृति दिवस के रूप में भी मनाया। यह दिवस प्रतिवर्ष देश भर में उन पुलिस जवानों की स्मृति मे मनाया जाता है, जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सैनिकों के साथ मुठभेड में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 वीर जवान शहीद हो गए थे। तभी से लेकर अब तक उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर सभी ने मध्य प्रदेश के इस वर्ष शहीद हुए पुलिस जवानों को भी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस ने की एक नवंबर को दिल्ली रामलीला मैदान की महारैली में शामिल होने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली महारैली में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विकास शर्मा ने जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस परिवार के साथियों से अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचने की अपील की है। विकास शर्मा ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी जनहित की आवाज बुलंद कर रही है। उन्होंने जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित कांग्रेस के सभी आनुषंगिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि इस महारैली में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र और जनहित के मुद्दों पर अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से एकजुट होकर दिल्ली पहुंचने और महा रैली को सफल बनाने की अपील की है।

चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण हुए शामिल

251 फिट की चुनरी यात्रा के साथ ज्वारों का हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पचमा रोड मिर्जापुर गली से गत दिवस 251 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने सिर पर जवारे लेकर चल रही थीं। डीजे पर भक्ति भजन बज रहे थे। यह चुनरी यात्रा गांधी चौक सदर बाजार से होते हुए श्री शीतला शक्ति धाम मंदिर पहुंची। मंदिर में सबसे पहले माता रानी को ज्वारे भेंट किए गए। इसके बाद मंत्रों के साथ माता रानी को चुनरी चढ़ाई गई। श्रद्धालु रामकृष्ण सिंह ने बताया कि शारदीय नवरात्रि में कई लोग घरों में जवारे लगाते हैं। 9 दिनों तक इनकी मां भगवती के रूप में पूजा होती हैं। नवमी और दशहरे पर इन ज्वारों को जुलूस के रूप में मंदिरों में भेंट किया। शहर में नवमी के दिन भी कई ज्वारों के जुलूस निकले थे।



पाठशाला ग्राउंड में हुआ रावण के पुतले का दहन



गंजबासौदा। दशहरा के अवसर पर पाठशाला ग्राउण्ड में तेज आतिशबाजी के साथ रावण के लगभग 25 फिट ऊंचे पुतले का दहन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे। जिन्होंने रावण के पुतला दहन और आतिशबाजी का आनंद उठाया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए, जिसमें अनेक प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

सुंदरकांड समिति ने मनाया दशहरा पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दशहरा पर्व पर समाजसेविका रंजीता सिंह के निवास पर सुन्दर काण्ड मंडली की बहिनों ने सुन्दर काण्ड पाठ एवं शस्त्रों का पूजन किया। सामाजिक समरसता का ध्यान रखते हुए इस आयोजन में सर्व समाज की बहिनों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शस्त्र पूजन के महत्व को बताते हुए माताओं बहिनों से शस्त्र विद्या सीखने का अनुरोध किया गया और आत्म रक्षा सर्वोपरि बोलकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अनुराधा परमार, किरन सोलंकी, रचना राजपूत, मंजू राजपूत, संध्या दुबे, संध्या सोनी, मालती पाल, ममता तोमर, प्रीती शर्मा, शक्ति परमार, प्रभा राजपूत, अंजिली भदौरिया, अंजू यादव, रानी राजावत,संगीता गुप्ता, राज अरोरा, पूजा रघुवंशी आदि बहिनें उपस्थित थीं।

मुख्य मार्गों पर दिन भर लगा रहा जाम

गंजबासौदा। विगत दो दिनों से नगर में दुर्गा प्रतिमाओं का चल समारोह के साथ विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। जिसके चलते नगर के मुख्य मार्गों पर दिन भर जाम की स्थिति निर्मित होती रही। नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर भी दिन में कई बार जाम लगा, जिससे यहां के रहवासियों, दुकानदारों, राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यहां उल्लेखनीय है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों दो पहिया, चार पहिया, बस, ट्रेक्टर, ट्राली, डंपर सहित अन्य वाहनों की आवाजाही होती है। यातायात का अधिक दबाव होने से मार्ग पर वाहनों के फंस जाने से देर तक जाम की स्थिति निर्मित हुई। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

विजयादशमी पर धू-धू कर जले रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व नगर में मंगलवार को हर्षोल्लास, उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड स्थित तालाब परिसर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। जैसे ही पुतलों में आग लगी, पूरा परिसर आतिशबाजी की रोशनी से जगमगा उठा और उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण को राममय बना दिया। विजयादशमी के अवसर पर नगर में सुबह से ही उत्सव का माहौल देखने को मिला। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा। शाम को कटरा मोहल्ले से भगवान श्रीराम का रथ निकाला गया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के रथ का स्वागत किया तथा आरती उतारकर पूजा-अर्चना की। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच शोभायात्रा बस स्टैंड स्थित तालाब परिसर पहुंची।

भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंजा नगर, आतिशबाजी के बीच हुआ रावण दहन



रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने मन मोहा

रामलीला मंचन के बाद रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जैसे ही रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों को अग्नि के सुपुर्द किया गया, पूरा परिसर आतिशबाजी की गूंज से भर उठा। रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने लोगों का मन मोह लिया। पुतलों को जलते देख उपस्थित लोगों ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाया। इस दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में पर्व को लेकर उत्साह दिखाई दिया। बड़ी संख्या में नगरवासी परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल हुए और रावण दहन के साक्षी बने। विजयादशमी का पर्व केवल रावण दहन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन में व्याप्त अहंकार, अन्याय, क्रोध और बुराइयों को समाप्त करने की प्रेरणा भी देता है। भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक माना जाता है। नगर में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम ने भी लोगों को सत्य, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। धार्मिक उत्साह और उल्लास के बीच विजयादशमी का पर्व संपन्न हुआ।

रामलीला मंचन ने किया मंत्रमुग्ध

तालाब परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम की आरती और पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया, जिसमें भगवान श्रीराम और रावण के बीच हुए युद्ध के प्रसंग को प्रस्तुत किया गया। रामलीला के माध्यम से उपस्थित लोगों को धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। कलाकारों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने उत्साह के साथ देखा और भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए।

पौराणिक प्रसंगों पर आधारित झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

नगर में धूमधाम से निकला विसर्जन चल समारोह, जीवंत झांकियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

जीवंत झांकियों में कलाकारों ने दिखाई शानदार कला

चल समारोह में शामिल झांकियों को आकर्षक रूप देने के लिए समितियों द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं। रंग-बिरंगी सजावट, सुंदर वेशभूषा और पौराणिक पात्रों के रूप में सजे कलाकारों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांकियों में कलाकारों ने विभिन्न धार्मिक एवं पौराणिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कई कलाकार घंटों तक एक ही स्थान पर विभिन्न मुद्राओं में खड़े रहकर अपनी प्रस्तुति देते रहे, जिसे देखकर दर्शक अचंभित रह गए। कलाकारों की मेहनत, धैर्य और शानदार अभिनय को देखकर नगरवासियों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। अलग-अलग समितियों की ओर से तैयार की गई झांकियों में सजावट और श्रृंगार की विशेष झलक देखने को मिली। प्रत्येक झांकी अपनी अलग पहचान और आकर्षण के साथ आगे बढ़ती रही। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं से ओतप्रोत इस आयोजन ने नगर में उत्सव का माहौल बना दिया।



बुधवार को परंपरागत रूप से पौराणिक स्वरूपों और आकर्षक झांकियों के साथ भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह की तैयारियां रात से ही शुरू हो गई थीं। सुबह करीब चार बजे कस्टम पथ से समारोह का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद झांकियां नगर के प्रमुख मार्गों और मुख्य बाजार से होकर आगे बढ़ीं।

दर्शनों के लिए उमड़ा जनसैलाब, मुख्य बाजार में पैर रखने तक की जगह नहीं

चल समारोह को देखने के लिए सिरोंज नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। झांकियों के दर्शन करने के लिए कई ग्रामीण रात में ही मुख्य बाजार में आकर जमा हो गए थे। बुधवार सुबह जैसे ही झांकियों का निकलना शुरू हुआ, वैसे ही बाजार में लोगों की भीड़ बढ़ती चली गई। सुबह छह बजे से लेकर 11 बजे तक मुख्य बाजार खचाखच भरा रहा। स्थिति यह रही कि कई स्थानों पर लोगों को खड़े होने तक के लिए जगह नहीं मिल पा रही थी। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में झांकियों को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। लोग परिवार सहित चल समारोह देखने पहुंचे और आकर्षक झांकियों को अपने कैमरों में कैद करते नजर आए। झांकियों के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ लगातार बनी रही। चल समारोह में शामिल जीवंत पात्रों और उनकी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। झांकियों के निकलने का क्रम दोपहर करीब एक बजे तक जारी रहा।



सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में शामिल हुए अर्जुन राजपूत

सिरोंज। महाकाल की नगरी उज्जैन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा प्रारंभ की गई सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में देवपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन राजपूत शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने यात्रा में सहभागिता कर आयोजन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। यात्रा में क्षेत्र के अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी भाग लिया और कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह राजपूत, सुरेन्द्र उपाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने यात्रा में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाई। महाकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित इस यात्रा को लेकर कांग्रेस नेताओं में उत्साह देखने को मिला। यात्रा में शामिल नेताओं ने धार्मिक आस्था, सनातन परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से जुड़े विषयों पर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। अर्जुन राजपूत की यात्रा में उपस्थिति को देवपुर ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रियता के रूप में भी देखा जा रहा है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आपसी संवाद के साथ संगठनात्मक एकजुटता का परिचय दिया। उज्जैन में यात्रा में शामिल होने के बाद क्षेत्रीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों को लेकर भी चर्चा हुई।

श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

शीतला माता मंदिर में नगर कन्या भोज व भंडारे का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



नगर के कठाली बाजार स्थित प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में नगर कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताओं, बहनों, कन्याओं एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कन्या भोज के दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया तथा मां शीतला से नगर की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। कन्या भोज में छोटी-छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया। इसके बाद उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कन्या भोज को विशेष पुण्यदायी माना जाता है।

इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। कन्या भोज के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारे में बड़ी संख्या में माताओं-बहनों, युवाओं, बुजुर्गों और अन्य श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान सेवा और सहयोग की भावना दिखाई दी। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की और धार्मिक आयोजन की सराहना की। वरिष्ठ समाजसेवी संजय सोनी ने बताया कि शीतला माता मंदिर में आयोजित नगर कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाना, कन्याओं के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना और समाज में सेवा, सद्भाव तथा आपसी भाईचारे का संदेश देना है। धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक वातावरण निर्मित होता है और लोगों को एक साथ मिलकर धर्म एवं सेवा के कार्यों में सहभागी बनने का अवसर मिलता है। उन्होंने आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

पीली पढ़ने लगी धान की फसल

मौसम बदलाः दिन में तेज धूप से गर्मी, रात में ठंडक का एहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



क्वार का महीना चल रहा है नवरात्रि पर्व के दौरान ही मौसम परिवर्तन के संकेत शुरू हो गए। दिन में तेज धूप गर्मी का सामना और रात में सुबह-सुबह हवाओं में ठंडक का एहसास होने से अब शीत ऋतु का शीघ्र आगमन होने वाला है। क्षेत्र के नदी नालों में इस वर्ष कम बारिश का असर साफ दिखलाई दे रहा है नदी नालों में कम पानी जल स्तर नीचे गिरा रहने और ट्यूबबेलों में कम पानी आने से क्षेत्र के किसान चिंता ग्रस्त बने हुए हैं। इस वर्ष पानी की कमी के कारण दलहन का रखवा बढ़ने की उम्मीद है।

जिस प्रकार मौसम ने करवट ली है उसेस धान की फसले पीली पड़ने और सुखना शुरू हो गई है। धान की फसलों में पानी की कमी का भी असर बना हुआ है। नवरात्रि दीपावली तक दलहन फसलों की बवनी का सर्वोत्तम समय माना जाता है। दीपावली के आसपास धान की कटाई शुरू होने की संभावना है। क्षेत्र के हजारों किसान सैकड़ों ग्रामों में मुख्य रूप से बासमती धान के साथ समर्थन मूल्य पर बिकने वाली मोटे किस्म की धान का लाखों कुंटल उत्पादन करते आ रहे हैं। कहीं-कहीं धान की विलंब से रोपाई के कारण धान की फसले अभी भी हरी बनी हुई है। जिनकी कटाई में विलंब हो सकता है।

माता रानी की विदाई में निकाले चल समारोह, उड़ा रंग गुलाल

नर्मदा तटों पर दो दिन हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



शारदीय नवरात्रि के समापन बाद नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन विदाई के लिए दो दिन छोटे-छोटे चल समारोह निकलते रहे। अधिकांश प्रतिमाओं को ट्रैक्टर ट्रालियों में बैठाकर गाजे-बाजे माता रानी के जयकारे लगाते और रंग गुलाल खेलते हुए विदाई दी गई। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की दुर्गा प्रतिमाएं नर्मदा तट अलीगंज पुलघाट मांगरोल बगलबाड़ा पहुंची जहां मां दुर्गा की विशेष पूजन आरती के साथ विसर्जन और विदाई दी गई।

अखाड़ों के प्रदर्शन के साथ निकाला गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के गांव-गांव में मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन पूर्व ग्रामों में छोटे-छोटे चल समारोह धूमधाम से निकाले गए। इन चल समारोह में पुरुषों युवाओं के साथ महिलाओं ने सम्मिलित होकर अगले बरस आने की प्रार्थना करते हुए माता रानी को विदाई की गई। माता रानी की प्रतिमाओं के साथ निकले छोटे चल समारोह में डीजे की धुन पर युवक उत्साह पूर्वक नृत्य करते हुए सम्मिलित हुए। माता रानी की विदाई में जमकर रंग गुलाल भी खेला जाता रहा। नगर की सड़कों प्रमुख स्थानों पर नर्मदा मैया की ओर जाने वाली प्रतिमाओं के दर्शन करने लोगों में उत्साह का माहौल बना रहा।



विजयादशमी पर्व पर सेवा न्यास ने किया दुर्गा मंडलों और अखाड़ों का सम्मान

देवरीकलां। श्रीमति त्रिवेणी-लखमीचंद स्मृति सेवा न्यास ने विजयादशमी पर्व के शुभ अवसर पर प्रतिवर्षानुसार चल समारोह में शामिल दुर्गा समितियों एवं युवा अखाड़ा मंडलों का स्वागत कर उन्हे स्मृति चिन्ह स्वरूप पीतल के त्रिशूल भेंट किए। इस अवसर पर समिति संचालक अलकेश जैन, पूर्व विधायक भानु राणा, नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। देवरी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाज सेवा एवं सास्कृतिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में विगत ढेड़ दशक से कार्य कर रही सामाजिक संस्था श्रीमति त्रिवेणीबाई-लखमीचंद जैन स्मृति सेवा न्यास द्वारा प्रतिवर्षानुसार विजया दशमी के अवसर पर आयोजित चल समारोह में दुर्गा मंडलों का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय नगरपालिका चौराहे पर आयोजित इस कार्यक्रम में सेवा न्यास के संचालक अलकेश जैन ने न्यास के सदस्यों के साथ चल समारोह में शामिल दुर्गा प्रतिमाओं की आगवानी कर पूजन किया एवं समितियों एवं अखाड़ा मंडलों का स्वागत कर उन्हे सम्मान स्वरूप पीतल से निर्मित त्रिशूल भेंट किया। इस अवसर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति नेहा अलकेश जैन एवं न्यास के सदस्यों ने पुष्प वर्षाकर समितियों का अभिवादन किया एवं अधर्म पर धर्म की जीत के महान पर्व की शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. भानु राणा, पतंजलि योगपीठ मध्यप्रदेश के सचिव योगाचार्य भगतसिंह, पार्षद त्रिवेंद्र जाट, मोनू मिश्रा, कैलाश नामदेव, नीलेश गुप्ता, सुरेंद्र नामदेव, अनिल बिल्थरे, विनीत जैन, राजेश खत्री, रोहित सिंघई, जगत ठाकुर, मनोज नामदेव उपस्थित रहे।

कविता एवं कॉमिक प्रतियोगिता आयोजित

सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता माह 2026 के अंतर्गत "एक सतर्क नागरिकः भ्रष्टाचार के विरुद्ध नायक" विषय पर स्वरचित कविता एवं कॉमिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में ईमानदारी, नैतिकता, पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने कविता लेखन एवं कॉमिक बुक के माध्यम से भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों, ईमानदारी के महत्व तथा भ्रष्टाचार-मुक्त समाज के निर्माण में नागरिकों की भूमिका को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुतियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक आचरण और जागरूक नागरिकता के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. हिमांशु कुमार ने कविता प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

छींद धाम हनुमानगढ़ी में हजारों श्रद्धालुओं की रही उपस्थित

छींद धाम में हनुमान जी के दर्शन व प्रसाद चढ़ाने उमड़ा जन सैलाब



बरेली। संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त सिद्ध हनुमान मंदिर छींद धाम एवं नगर के हनुमानगढ़ी मंदिर में मंगलवार को दशहरा विजयादशमी पर लगभग हजारों भक्तो नर नारियों की श्री राम दरबार एवं हनुमान दादा के दर्शन करने सुबह से रात्रि तक भारी भीड़ का नजारा बना रहा। छींद धाम में सुबह की विशेष आरती पूजन और हनुमान जी को चोला चढ़ाकर पूर्ण श्रंगार किया गया। सुबह से ही स्थानीय के साथ देश-प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए श्रद्धालु नर नारियों की दर्शन करने प्रसादी चढ़ाने प्रार्थना करने लंबी लाइन और भीड़ का नजारा दिनभर बना रहा।

यातायात नियंत्रण- स्थानीय पुलिस प्रशासन को मंगलवार को दशहरा होने के कारण हजारों लोगों के आने की संभावना थी मंदिर से एक किलोमीटर दूर वहांन खड़े किए गए। मार्गों को एकाकी किया गया। इसी के साथ मंदिर प्रांगण और मार्गों पर पुलिस की विशेष व्यवस्था की गई थी। मंगलवार को दिनभर छींद धाम नगर के हनुमानगढ़ी मंदिर में मेला भरने जैसा दृश्य बना रहने के साथ भंडारी प्रसादी वितरण का भी दौर चला रहा।

दशहरा मैदान पर हुआ पुरस्कार वितरण व धर्म सभा सम्मान समारोह

'देश में संकट की स्थिति एकजुटता से मुकाबला जरूरी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में निकले विजयादशमी चल समारोह का दशहरा मैदान पर समापन होने के बाद रावण दहन का भव्य कार्यक्रम हुआ। धर्म सभा में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के साथ नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत हिंदू उत्सव समिति के संस्थापक सदस्यों पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान दुर्गा उत्सव समितियों, अखाड़ों के उस्ताजो व अध्यक्षों के साथ अखाड़ो में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवक एवं बालिकाओं का राज्य मंत्री पटेल द्वारा मेडल पहनाकर सम्मान किया गया। विभिन्न समितियों व अखाड़ों के प्रदर्शन पर पुरस्कार भी अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने नगर के विकास के कार्यों की चर्चा करते हुए सभी को विजयादशमी दशहरा की बधाई शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने फ्रांस सहित अन्य देशों की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार दिल्ली और अन्य स्थानों पर आंदोलन कर देश को बांटने जलाने के षड्यंत्र सामने आ रहे हैं उससे देश पर संकट आता दिखाई दे रहा है। कहा कि जिस प्रकार बुराई पर अच्छाई असत्य पर सत्य की जीत हुई। देश के 140 करोड़ लोग मुट्ठी भर बिघटनकार्यों के षड्यंत्र देश को आंदोलन की आग में जलाने के प्रयासों का मुकाबला करेंगे। कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है। धर्म सभा के बाद रात्रि में देवी जागरण का कार्यक्रम हुआ। कोलकाता से आए शब्द सुर जागरण गुप के अमन दीप सिंह परवाना और साथियों द्वारा धार्मिक देवी भक्ति पर आधारित भजनों की शानदार प्रस्तुतिया दी गई रात्रि से सुबह की भोर तक हजारों नर नारियों की देवी जागरण कार्यक्रम में दशहरा मैदान पर देखने सुनने भारी उपस्थिति बनी रही।

एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की गुणवत्ता पर उठने लगे सवाल, जिम्मेदार विभाग खामोश

नए वाहनों में आ रही खराबी से वाहन मालिक परेशान, पेट्रोल पंपों पर नियमित जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



शहर में पेट्रोल की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं, कुछ वाहन मालिकों का कहना है कि नई मोटरसाइकिलों एवं अन्य वाहनों में तकनीकी खराबियां सामने आ रही हैं। वाहन मालिकों के बीच इन समस्याओं को एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से जोड़कर आशंकाएं जताई जा रही हैं। हालांकि वाहनों में आ रही खराबियों का वास्तविक कारण क्या है और क्या इसका संबंध पेट्रोल की गुणवत्ता से है यह अधिकृत तकनीकी एवं प्रयोगशाला जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। लेकिन इस बीच पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा और पेट्रोल पंपों पर नियमित जांच को लेकर सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों ने जिला प्रशासन सहित नापतौल विभाग के आला अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर के पेट्रोल पंपों की जांच कराने तथा ईंधन के नमूनों का परीक्षण करने की मांग की है।

एथेनॉल की मात्रा और निर्धारित मानकों के पालन पर सवाल

पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण सरकार की निर्धारित नीति के तहत किया जाता है। निर्धारित मानकों के अनुरूप एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री अपने आप में मिलावट नहीं है। लेकिन यदि किसी पेट्रोल पंप पर निर्धारित मानकों से अधिक एथेनॉल मिश्रण या इंजन में गुणवत्ता में गड़बड़ी की आशंका है, तो इसकी पुष्टि जांच के माध्यम से किया जाना आवश्यक है। रायसेन शहर सहित जिले भर के पेट्रोल पंपों पर उठ रहे सवालों के बीच यह जानना महत्वपूर्ण है कि पेट्रोल पंपों पर बिक रहे ईंधन की गुणवत्ता की निगरानी किस प्रकार की जा रही है और निर्धारित मानकों के अनुपालन की जांच कितनी नियमितता से होती है। यदि इस संबंध में शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो संबंधित विभाग को नियमानुसार नमूने लेकर उनकी जांच करानी चाहिए, ताकि आशंकाओं की वास्तविकता सामने आ सके।

तकनीकी खराबियों से बढ़ी परेशानी

वाहन खरीदने के लिए हजारों से लेकर लाखों रुपये खर्च करने वाले लोगों के लिए नई गाड़ियों में तकनीकी खराबियां सामने आना चिंता का विषय है। कुछ वाहन मालिकों का कहना है कि नए वाहनों में परेशानी आने से उन्हें बार-बार सर्विस सेंटर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसी बीच पेट्रोल की गुणवत्ता को लेकर भी संदेह व्यक्त किया जा रहा है। वाहन मालिकों का कहना है कि पेट्रोल पंपों पर ईंधन की गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के पालन की जांच नियमित रूप से होनी चाहिए। ताकि उपभोक्ताओं का भरोसा बना रहे।

पुराने वाहनों में आ रही अधिक समस्या

पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का उद्देश्य ईंधन में आयातित पेट्रोल पर निर्भरता कम करना और वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देना है। लेकिन एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के इस्तेमाल को लेकर वाहनों के फ्यूल सिस्टम और इंजन की कार्यप्रणाली पर असर पड़ने की चिंताएं भी सामने आती हैं। खासकर पुराने या एथेनॉल के अनुकूल नहीं बने वाहनों में नमी, जंग और ईंधन आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं परेशानी बढ़ा सकती हैं।

टैंक से इंजन तक पड़ सकता है असर

पेट्रोल टैंक : काई और गंदगी से सप्लाई पाइप में रुकावट
टैंक में नमी और गंदगी जमा होने से ईंधन की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इससे फ्यूल लाइन में रुकावट आने और फिल्टर जल्दी चोक होने की आशंका रहती है।

फ्यूल पंप : नमी से पुर्जों में जंग का खतरा
फ्यूल पंप पेट्रोल को इंजन तक पहुंचाता है, एथेनॉल नमी को अपने साथ मिला सकता है। यदि ईंधन में पानी की मात्रा अधिक हो जाए या वाहन के पुर्जे एथेनॉल के अनुकूल न हों, तो जंग और दूसरे तकनीकी नुकसान का खतरा बढ़ सकता है।

फ्यूल फिल्टर : गंदगी से हो सकता है चोक
फ्यूल फिल्टर पेट्रोल में मौजूद धूल, जंग के कणों और दूसरी अशुद्धियों को इंजन तक पहुंचने से रोकता है। टैंक या पाइप में जमा गंदगी फिल्टर में आकर रुकावट पैदा कर सकती है। इससे इंजन तक पर्याप्त ईंधन नहीं पहुंचता और गाड़ी की परफॉर्मेंस प्रभावित हो सकती है।

इंजन कंट्रोल मॉड्यूल ईसीएम : ईंधन का मिश्रण बिगड़ने पर असर
ईसीएम इंजन में ईंधन और हवा के अनुपात सहित कई प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है। यदि सेंसर, फ्यूल सप्लाई या ईंधन की गुणवत्ता में गड़बड़ी हो, तो इंजन की कार्यप्रणाली प्रभावित हो सकती है। एथेनॉल के अनुकूल नहीं बने वाहन में गलत ईंधन मिश्रण से माइलेज और पिकअप पर असर पड़ने की आशंका रहती है।

फ्यूल इंजेक्शन सिस्टम : इंजेक्टर में रुकावट से घट सकती है ताकत
फ्यूल इंजेक्शन सिस्टम इंजन में पेट्रोल की सही मात्रा पहुंचाता है। इंजेक्टर में गंदगी जमा होने पर ईंधन का छिड़काव प्रभावित हो सकता है। इससे इंजन में झटके लगना, स्टार्ट होने में परेशानी और माइलेज कम होने जैसी शिकायतें सामने आ सकती हैं।

इनका कहना है
वाहन मालिकों की शिकायतें सामने आने पर पेट्रोल पंपों की जांच की जाती है। विभाग में अमले की कमी की वजह से जांचें लंबित रहती हैं। हमारा क्षेत्रफल बड़ा है इसलिए भी फील्ड में दिक्कतें होती हैं।
- मीना मंडल, जिला नापतौल अधिकारी रायसेन

कलेक्टर ने पत्रकारों से की चर्चा

रायसेन को स्वच्छ, सुंदर बनाने चरणबद्ध योजना से करेंगे काम



पत्रकारों ने कहा - जिला अस्पताल के गेट पर बह रहा नाले का गंदा पानी

तहसील के सामने खुला पड़ा नाला, अधिकारी इसको लेकर बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला अस्पताल के मुख्य द्वार पर दो महीने से नाले का गंदा पानी बह रहा है तथा तहसील कार्यालय के गेट पर खुला नाला हादसों को न्योता दे रहा है और शहर के कई इलाकों में नालियां गंदगी से भरी हैं। नगर की इन समस्याओं को बुधवार को नवागत कलेक्टर रोहित सिसोनिया के सामने मीडियाकर्मियों द्वारा उठाया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मीडिया कर्मियों के साथ संवाद के दौरान शहर की बदहाल व्यवस्थाओं से लेकर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तक कई मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी अनुभा सिंह सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार मौजूद रहे। संवाद के दौरान पत्रकारों ने कहा कि रायसेन जिले में पर्यटन की व्यापक संभावनाएं हैं। यहां सांची बौद्ध स्तूप, भीम बेटका, भोजपुर शिव मंदिर, रायसेन दुर्ग, जामवंत की गुफा सहित अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थल हैं। इन पर्यटन स्थलों को टूरिस्ट सर्किट से जोड़ने से पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

शहर के वरिष्ठ पत्रकार राममोहन शर्मा ने जिला अस्पताल के मुख्य द्वार के सामने नाले का गंदा पानी बहने का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि करीब दो महीने से बनी इस स्थिति के कारण मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल आने-जाने में परेशानी हो रही है। सांची रोड स्थित मां भगवती मंदिर से जनसेवा हॉस्पिटल होते हुए जिला अस्पताल के मुख्य द्वार तक नाला निर्माण नहीं होने के पीछे नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी के बीच तालमेल की कमी को जिम्मेदार बताया गया। इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

चरणबद्ध योजना बनाकर होगा विकास कार्य

कलेक्टर ने पत्रकारों द्वारा उठाए गए बिन्दुओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ ही जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा विकास कार्यों को गति देने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्ययोजना तैयार कर काम किया जाएगा। शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और नागरिकों को होने वाली परेशानियों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रायसेन जिले में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन स्थलों को टूरिस्ट सर्किट से जोड़ने, पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित करने तथा पर्यटन के माध्यम से रोजगार के नवीन अवसर तलाशने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

छात्रावासों में काउंसिलिंग, पानी और किले का गेट खोलने की मांग

संवाद में सरकारी छात्रावासों में छात्र-छात्राओं की नियमित काउंसिलिंग की व्यवस्था करने की जरूरत बताई गई। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने की शिकायत भी सामने आई। वहीं, बाघ की मौजूदगी के चलते रायसेन किले का गेट वन विभाग द्वारा बंद रखे जाने का मुद्दा भी उठाया गया। बताया गया कि करीब तीन महीने से पर्यटकों और आम लोगों को परेशानी हो रही है। इस पर कलेक्टर ने कहा कि बाघ के मूवमेंट के कारण वन विभाग ने यह कदम उठाया है वे मामले को गंभीरता से दिखवाएंगे।

अवैध शराब के खिलाफ फूटा गुस्सा एसडीएम, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

स्थानीय वार्ड नंबर 14 (गेहूरास) के रहवासियों ने क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को वार्डवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि उनके वार्ड में पिछले लगभग दस वर्षों से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। इस अवैध कारोबार के कारण वार्ड का माहौल लगातार बिगड़ रहा है। स्थिति यह है कि यहां हर समय लोग नशे में धुत नजर आते हैं, जिससे घरों का पारिवारिक माहौल पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। वार्डवासियों ने चिंता जताते हुए कहा कि इस अवैध नशे की लत की चपेट में अब छोटे-छोटे बच्चे भी आने लगे हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है।

बंद मिला आबकारी कार्यालय-
ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब वे अपनी शिकायत लेकर आबकारी कार्यालय पहुंचे, तो वहां ताला लटका मिला। अधिकारियों के न मिलने के कारण उन्हें बिना ज्ञापन दिए ही लौटना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों का रुख किया।

पुलिस स्मृति दिवसः शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कर्तव्य व बलिदान को किया नमन

पुलिस लाइन में पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन किया। शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने शहीद जवानों के त्याग, साहस और कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि के दौरान माहौल भावुक रहा। पुलिस बल के लिए यह दिन उन साथियों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य की बलिवेदी को सर्वोपरि रखा और देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए।

एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी दीपक नायक ने बताया कि पुलिस स्मृति दिवस हर साल 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में चीनी सैनिकों के हमले में शहीद हुए 10 पुलिस जवानों की स्मृति में हुई थी। तभी से देशभर में इस दिन कर्तव्य के दौरान शहीद होने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाती है।

शहीदों का बलिदान पुलिस बल के लिए प्रेरणा

पुलिसकर्मी कठिन परिस्थितियों में भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर नियंत्रण करने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निभाते हैं। इस दौरान कई जवानों को अपनी जान तक गंवानी पड़ती है। पुलिस स्मृति दिवस उनके इसी अदम्य साहस वीरता और त्याग समर्पण को याद करने का दिन है।

कार्यक्रम में ये अधिकारी रहे शामिल

श्रद्धांजलि सभा में नवागत कलेक्टर रोहित सिसोनिया, एसपी गुप्ता के अलावा आरआई पुलिस, एएसपी दीपक नायक, एसडीओपी आकांक्षा तलया, कोतवाली थाने के टीआई नरेंद्र गोयल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सनातन संस्कृति की दिखी भव्य झलक दशहरा महोत्सव में उमड़ पड़ा नगर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

नगर में ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव भव्यता और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस गौरवमयी कार्यक्रम में पूरे नगर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संत पाठशाला हिंगलाजगढ़ के महामंडलेश्वर गिरीदास जी महाराज और आचार्य देवनारायण त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं विशेष अतिथि के रूप में अनिलानंद महाराज, सुरेंद्र तिवारी मंच पर विराजमान थे। महोत्सव में नगर के प्रसिद्ध वाल्मीकि अखाड़े के कलाकारों द्वारा दिखाए गए हैरतअंगेज करतब विशेष आकर्षण के केंद्र रहे।

कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष मुकुल यादव ने उद्बोधन में कहा कि बाड़ी का ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नगर की गौरवशाली परंपरा, सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर संरक्षक प्रमुख मोहन यादव, महेंद्र शर्मा, ओंकार पाल, हरिदयाल बैरागी, अरविंद ठाकुर, सीताराम चौहान, जीतमल जैन एवं समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहें। मंच का संचालन संदीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

दीवानगंज। सांची विकासखंड के अंतर्गत दीवानगंज रेलवे स्टेशन के पास केमखेड़ी मार्ग पर बुधवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 6:30 बजे का बताया जा रहा है। मृतक की पहचान ग्राम अंबाडी निवासी श्यामलाल साहू, पिता बलदेव साहू 65 के रूप में हुई है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया, वहीं गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, श्यामलाल साहू बुधवार सुबह 6:30 दीवानगंज रेलवे स्टेशन के पास केमखेड़ी मार्ग स्थित रेलवे ट्रैक खंभा क्रमांक 863 पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

हलाली डैम से नहरों में पानी छोड़ने की तैयारी तेज, 1 नवंबर से विदिशा को मिलेगा पानी

नहरों की सफाई शुरू, 40 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को मिलेगा सिंचाई का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



किसानों को रबी की फसल की सिंचाई के लिए समय पर पानी उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू हो गई है। अशोक सम्राट हलाली डैम से निकलने वाली नहरों की दीवानगंज क्षेत्र के अंबाडी, सेमरा, नरखेड़ा, बरजोरपुर सहित आसपास के गांवों में साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। विदिशा जिले में 1 नवंबर से नहरों में पानी छोड़े जाने की तैयारी है। वहीं, रायसेन जिले के किसानों को भी मांग करने पर नहरों से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। हलाली डैम में इस वर्ष जलस्तर 1507 फीट तक पहुंचने से दोनों जिलों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलने की उम्मीद है। अनुविभागीय अधिकारी बीके बागुल्या ने बताया कि 1 नवंबर से विदिशा जिले की नहरों में पानी छोड़ दिया जाएगा। फिलहाल नहरों की साफ-सफाई कराई जा रही है, ताकि पानी खेतों तक पहुंचने में परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि रायसेन जिले के किसानों की ओर से अभी नहरों में पानी छोड़ने की मांग नहीं की गई है। किसान जैसे ही मांग करेंगे, उन्हें भी शीघ्र पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

40 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को मिलेगा फायदा

हलाली डैम से विदिशा और रायसेन जिले के किसानों के लिए सिंचाई का प्रमुख स्रोत है। जलाशय से निकलने वाली नहरों के माध्यम से करीब 40 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाता है। नहरों की समय पर सफाई और निर्धारित समय पर पानी छोड़े जाने से किसानों को रबी की फसल की सिंचाई में राहत मिलेगी। इसके अलावा हलाली डैम दोनों जिलों के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।

दो स्थानों से निकालेगा संघ पथ संचलन, बजरंग चौराहे पर होगा द्विधारा संगम

25 अक्टूबर को शताब्दी वर्ष के समापन पर आयोजन, स्वयं सेवक कर रहे घर घर संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के समापन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में रविवार 25 अक्टूबर को सिलवानी में भव्य पथ संचलन एवं द्विधारा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दोपहर 2 बजे शुरू होने वाला यह आयोजन दो अलग-अलग स्थानों से निकलेगा और बजरंग चौराहे पर दोनों संचलनों का संगम होगा। कार्यक्रम के तहत पहला पथ संचलन सिविल अस्पताल और दूसरा मां कर्मा ग्राउंड से प्रारंभ होगा। शिवाजी नगर, विजयासन और महावीर बस्ती के स्वयं सेवक पूर्ण गणवेश में इसमें सहभागिता करेंगे। बजरंग चौराहे पर संगम के बाद संचलन भोपाल रोड, तहसील, होली चौक, आजाद मार्केट और गांधी चौक से होते हुए हाईस्कूल मैदान पहुंचेगा, जहां कार्यक्रम का समापन होगा। संघ के विजयादशमी कार्यक्रमों के तहत देशभर में बस्ती स्तर पर पथ संचलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही स्वयंसेवक घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से हिंदू समाज के परिवारों तक पहुंच रहे हैं।

श्रीराम के बाण से बुराई का हुआ अंत, हुई असत्य पर सत्य की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम के दशहरा मैदान में मंगलवार शाम विजयादशमी पर रावण दहन किया गया। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, कलेक्टर आशीष वशिष्ट, एसपी सांई कृष्णा थोटा, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव और रामलीला समिति के अध्यक्ष गिरिजा शंकर शर्मा ने अग्नि बाण छोड़कर रावण के पुतले में आग लगाई। 35 फीट का पुतला करीब 2 मिनट में जलकर गिर गया।

जमीनी विवाद में भाई ने भाई पर किया त्रिशूल से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदेरी में गत दिवस जमीनी विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर त्रिशूल से हमला कर दिया। जिसमें बड़े भाई को चोटें आई हैं। मामले में पुलिस थाना सोहागपुर में प्रकरण दर्ज किया गया है।

सोहागपुर थाने में पदस्थ एएसआई गणेश राय द्वारा प्रदत्त जानकारी अनुसार फरियादी हेमराज विश्वकर्मा पिता छोटेवीर विश्वकर्मा निवासी सोनपुर खजूरी आनंद नगर थाना अवधपुरी भोपाल के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी धनराज विश्वकर्मा एवं शिवम विश्वकर्मा दोनों निवासी भोपाल के खिलाफ दर्ज कराई गई है। जिसके अनुसार फरियादी मूलतः ग्राम चंदेरीवासी है तथा विगत 28 वर्षों से भोपाल में रहकर फर्नीचर का काम करता है। छोटा भाई धनराज भी उसके परिवार के साथ भोपाल में रहता है। गत दिवस फरियादी पत्नी मंजू विश्वकर्मा के साथ पैतृक गांव चंदेरी पूजन के लिए आया था। छोटा भाई धनराज एवं उसका लड़का शिवम भी परिवार के साथ चंदेरी आए थे।